अपने बच्चे की दृष्टि पर नज़र रखना

दृष्टि जाँच (विज़न स्क्रीनिंग)

नियमित वैल चाइल्ड जाँच के रूप में आपके बच्चे की दृष्टि की जाँच एम्बलयोपिया (आलसी आँख) के लिए की गई थी तथा यह पाया गया है कि उसे यह बीमारी नहीं है।

इस जाँच द्वारा नज़र की सारी समस्याओं का पता नहीं लगाया जाता।

कुछ बच्चे जो इस स्क्रीन टैस्ट को पास कर लेते हैं संभव है वि उन्हें नज़र की कुछ और समस्याएं हों या उन्हें बाद में भी दृष्टि की समस्या हो सकती है।

अपने बच्चे की दृष्टि पर नज़र रखना

यदि आपके बच्चे को पढ़ाई करने या पढ़ने में कठिनाई होती है, अपनी आयु के अनुसार आमतौर से ज्यादा ही अनाड़ी है, अपनी आँखों को कसता है या देखने के लिए अपने सिर को झुकाता या घुमाता है, या उसे लगातार सिरदर्द होता है, तो इसका मतलब हो सकता है कि उसे दृष्टि की समस्या हो।

आपके बच्चे की दृष्टि की जाँच दुबारा तब तक नहीं होगी जब तक वह 7वीं कक्षा में नहीं पहुँच जाता/जाती, इसलिए आप अगर अपने बच्चे की दृष्टि या आँखों के बारे में चिन्तित हैं तो यह जरूरी है कि आप नेत्र जाँचकर्ता या नेत्ररोग विशेषज्ञ के पास जाएं।

यदि आपके बच्चे को दृष्टि समस्या है, तो उसकी पढ़ाई और विकास के लिए उसका शीघ्र पता लगाना अच्छा है।

अगर शंका हो तो - इसकी जाँच करें!

B4 School Check

बच्चों की दृष्टि जाँच के बारे में अतिरिक्त जानकारी के लिए, या इस पुस्तिका को डाउनलोड करने के लिए, स्वास्थ्य मंत्रालय (मिनिस्ट्री ऑफ हैल्थ) की http://www.moh.govt.nz/b4schoolcheck वेबसाइट पर जाएं या 24 घंटे उपलब्ध निःशुल्क स्वास्थ्य सलाह सेवा, हैल्थलाईन को (0800 611 116) नम्बर पर फोन करें।

MINISTRY OF HEALTH
MANATŪ HAUORA